संक्षिप्त

प्रेम प्रसंग के झगडे में एक की मौत

दूदू । पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन गैजी ग्राम पंचायत में स्थित आमा की ढाणी में बावरिया परिवार में प्रेम प्रसंग को लेकर हुए झगडे में एक व्यक्ति की मौत हो गई । करीब नौ लोग घायल हो गए। उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि आमा की ढाणी निवासी रमेश कुमार का नरेना क्षेत्र के सोलावता की लडकी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था इस दौरान परिजनों में आक्रोश प्राप्त हो गया रात्रि करीब एक दर्जन लोग थार गाडी में सवार होकर हमारी ढाणी पहुंचे तथा लडकी को वापस ले जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में कहां सुनी ने उठा रूप धारण कर लिया आपसी विवाद में हरदेव बावरिया गंभीर रूप से घायल हो गया को जयपुर रैफर कर दिया गया उपचार के दौरान 65 वर्षीय हरदेव बागरिया की मौत हो गई तथा घायल हेमराज करतार रामराज लक्ष्मण रमेश कान्हा मुकेश बावरिया का उपचार जारी है । पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को बाद पोस्टमार्टम परिजनों को सौंप दिया ।

मौसम में बदलाव से गले में संक्रमण

पावटा। मौसम में हो रहे लगातार बदलाव के कारण उपजिला अस्पताल पावटा में रोगियों की संया बढी हुई देखी जा रही है। लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। चिकित्सक लोगों को दवा देकर एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। गुरुवार को उपजिला अस्पताल पावटा में मरीजों की भीड देखी गई। लगभग 1400०० मरीज ओपीडी में चिकित्सकों की सलाह के लिए पहुंच रहे है। इसमें सर्वाधिक मरीज बुखार, खांसी और गले में दर्द से परेशान पाए गए। बुखार पीडित मरीजों को सर्वप्रथम खून की जांच करानी पडी। ब्लड रिपोर्ट देखने के बाद ही चिकित्सकों ने उनके उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ की। अधिकतर बुखार पीडित खांसी, गले में दर्द से भी परेशान मिले। उन्हें दवा देने के साथ ही गर्म पानी में नमक डालकर गरारा करने की हिदायत डॉक्टरों ने दी।

पावटा के सुभाष चौक स्थित हार्डवेयर की दुकान के बाहर रखा सामान चोरी

पावटा। प्रदेश सरकार पुलिस को हर स्तर पर बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। बावजूद इसके प्रागपुरा थाना पुलिस अपने पुराने ढर्रे पर ही चल रही है। पुलिस की निष्क्रियता यह है कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई चोरियों का आज तक खुलासा करना तो दूर किसी घटना का सुराग तक नहीं लगा सकी है। इससे चोरों का मन बढा हुआ है। कस्बा क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि बीती रात पावटा कस्बे के सुभाष चौक स्थित गोपाल बर्तन व हार्डवेयर की दुकान के बाहर रखा हजारो का सामान अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। गोपाल प्रसाद अग्रवाल पुत्र बनवारी लाल अग्रवाल निवासी जोगियों का मोहल्ला पावटा ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पावटा कस्बे के सुभाष चौक पर गोपाल बर्तन व हार्डवेयर के नाम से दुकान है। रोजाना की तरह मंगलवार बीती रात करीब 8.3० बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। बुधवार सुबह 7.3० बजे सब्जी की दुकान लगाने वालो ने दुकान के बाहर रखा सामान जिस पर ताला लगा था अव्यवस्थित देख फोन किया। जिस पर मौके आकर देखा तो अज्ञात चोर दुकान के बाहर रखा सामान मे 15० किलोग्राम वजन के तीन लोहे के जाल के बंडल, लगभग 6० किलोग्राम वजन के लोहे के कांटेदार तार के बंडल, 4.5० किलोग्राम वजन की लोहे की तीन साकल, 4 लोहे के ताले सहित अन्य छोटा मोटा सामान जिनकी कीमत करीब 7० हजार रुपए है चुरा कर ले गए। पुलिस ने मौका देख कर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वही पावटा क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय है। अज्ञात चोरों द्वारा पूर्व में खाद बीज की दुकान और सबमर्सिबल की दुकान, जनरल स्टोर की दुकान सहित अन्य स्थानो पर लाखों की चोरी का प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा अभी तक कोई खुलासा नही किया गया है। चोरी मामले में प्रागपुरा थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खडे हो रहे हैं। विगत दिनों हुई चोरियों का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। चोरियों का खुलासा न होने व चोरों पर कडी कार्रवाई न होने पर स्थानीय लोग दहशत में आ गए हैं।

दुकान के बाहर मौके पर खडे पीडित व अन्य लोग ।

- प्रागपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जांच प्रारंभ की

भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खेडकी वीरभान के तुलसीदास आश्रम में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन सताईसा संत समाज मंडल अध्यक्ष महन्त मानदास महाराज के सानिध्य में किया गया। इससे पूर्व रात्रि को सुन्दरकाण्ड पाठ व सत्संग का आयोजन किया गया।

जिसमें अनेक गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। महन्त कृष्ण दास महाराज ने बताया कि संत समागम में काला कोटा के दाऊ धाम से पधारे महामंडलेश्वर बलदेव दास महाराज, प्रहलाद दास कुंडा धाम, रघुवंश दास गोपालपुरा, किशन दास निमोद, गुरूदास बखराना, राम श्याम संत मंडल अध्यक्ष रतिराम दास, बिरम दास, रामेश्वर दास त्यागी, लक्ष्मण दास, ओमकार दास, रामेश्वर दास छीद्रावली, कृष्णदास, पुरुषोत्तम दास पावटा, प्रेमदास टसकोला सहित अनेक मंडलों से साधु संत पधारे एवं उन्होंने अपने आशीर्वचन कहे।

- संत समागम में पधारे साधू संतों ने कहे आशीर्वचन

कार्यक्रम में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। अंत में साधु संतों को भेंट विदाई देकर विदा किया गया। इस मौके पर सत्यनारायण शर्मा, मनोज शर्मा, रामसिंह, सुरेंद्र बारेठ, पप्पूराम बारेठ, अमरसिंह हवलदार, नरेंद्र, पांचूराम मुनीम, सुमेर सिंह व पवन कौशिक सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कोली समाज का वार्षिक मेला धूमधाम से मनाया

टोंक। कोली समाज का ऐतिहासिक परंपरागत मेला धूमधाम उल्लास से मेला भरा। हर वर्ष अश्विनी दोज को भरने वाला कोली समाज का परंपरागत मेला पुराना बनास पुल नौगजे शाह पीर दरगाह प्राचीन शिव मंदिर स्थल पर भरा हिंदू मुस्लिम एकता और सद्भावना और शांति का प्रतीक यह मेला कोली समाज द्वारा वर्षों से आयोजित किया जाता है जिसमें श्री भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना की गई है उसके बाद नौगजे पीर बाबा को समाज की ओर से चादर पेश की गई है मेले में सामाजिक कुरीतियों पर विचार विमर्श किया गया वह विवाह योग्य युवक युवतियों के रिश्ते नाते की बातें की गई और आपसी विचार वर्ष कर बच्चों बच्चों का परिचय करवाया गया मेला स्थल पर उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद महावर सरपंच बाबूलाल महावर सरपंच सतनारायण महावर कल्याणमल नंदराम जी सकरवाल रतन जी रामलाल महावर राजेश कुमार महावर ओमप्रकाश जी महावर हेमंत तेजमल मावर ओम प्रकाश महावर कैलाश चंद महावर महिला अध्यक्ष कांता महावर आदी।

कोली समाज का ऐतिहासिक परंपरागत मेला धूमधाम उल्लास से मेला भरा।

सार-समाचार

वीसी के माध्यम से हुई जनसुनवाई

पावटा । पंचायत समिति पावटा में जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान वीसी के माध्यम से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की मंशानुरूप त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने यह बात गुरुवार को पंचायत समिति कोटपुतली के वीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कही। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुडे। जनसुनवाई के तुरंत बाद जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा संतुष्टि के स्तर में सुधार लाने के लिए परिवादीयों से फोन पर बात करके उन्हें फोटो तथा दस्तावेजों के साथ हल किए हुए प्रकरण के बारे में सूचित जरूर करें। जिससे संतुष्टि के स्तर में सुधार हो सके। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, बिजली, रास्ता खोलने, भूमि विवाद, अतिक्रमण हटवाने, सडक मरम्मत, अवैध निर्माण, अवैध खनन, चारागाह भूमि से अवैध शराब ठेके को हटाना, सडक निर्माण, सीमा ज्ञान, पीएम किसान निधि किस्त का भुगतान सहित विभिन्न जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बंधित विभागों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिये गए।

नव नियुक्त कर्मचारी का स्वागत

मनोहरपुर । निकटवर्ती ग्राम घासीपुरा निवासी सुभाष वर्मा का एकलव्य मॉडल रेसिडेंट स्कूल में लाइब्रेरियन के पद पर चयन हुआ था। इनको महाराष्ट्र राज्य में नंदूरबार जिला आवंटित हुआ जहां पर कार्यग्रहण करके सोमवार को अपने निज निवास आने पर ठाम वासियों एवम् रिस्तेदारो द्वारा साफा एवम् माला पहनाकर डीजे बजाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी नेता नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास का मूलमंत्र है शिक्षा की जड़े बहुत गहरी और फल बहुत मीठे होते है ऐसे में कामयाबी के लिए अपनी संतानों को शिक्षित करे। इस अवसर पर प्रकाश पूर्व सरपंच बादशाह पुर अर्जुन घेवता गजानंद अध्यापक अजबपुरा कल्याण भंडोर मालीराम अरोडिया लालचंद घासीराम विजयलाल विकाश हेमराज युधिक ओमप्रकाश ठेकेदार बंटी वर्मा सुभाष प्रदीप एवम् सभी मित्रगण उपस्थित थे।

पुरूषोत्तम सैनी जिला मंत्री बने

मालपुरा (निस) भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन सिंह राठोड के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजीत मेहता ने जिला कार्यकारिणी की घौषणा करते हुये मालपुरा निवासी एडवोकेट पुरूषोत्तम सैनी को सगठन मे जिला मंत्री व एडवोकेट सुश्री शशि जैन को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। इसी क्रम मे टोडारायसिंह मे पूर्व पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन को संगठन मे जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। जिला कार्यकारिणी मे मालपुरा से दो अधिवक्ताओं को जिम्मेदारी मिलने पर युवा भाजपा नेता नन्दलाल डोई,भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन सहित भाजपाईयो ने दोनों जिला पदाधिकारियों को दी बधाई।

बल्ली पूजन 25 को

कोटपूतली। श्रीराम लीला मण्डल के तत्वाधान में कस्बे के आजाद चौक स्थित रामलीला मंच पर रामलीला को लेकर आगामी 25 सितम्बर को बल्ली पूजन किया जायेगा। अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने बताया कि 30 सितम्बर को गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारम्भ किया जायेगा। 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 08 बजे से रामलीला मंच पर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। 12 अक्टूबर को नागाजी की गौर में विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन होग।

कलक्टर को लिखा पत्र

कोटपूतली। अधिवक्ताओं के वाहन टोल-फ्री कराने की मांग को लेकर गुरूवार को अभिभाषक संघ कोटपूतली ने जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को पत्र लिखा है। अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने बताया कि कोटपूतली अधिवक्ता बार के बहुत से अधिवक्ता बानसुर न्यायालय में पैरवी के लिये जाते हैं। टोल वालों ने बानसुर बार के अधिवक्ताओं के वाहनों का टोल फ्री कर रखा है। जबकि कोटपूतली से टोल की दूरी 05 किमी है, जबकि बानसुर से 09 किमी है। अधिवक्ताओं की टोल की परेशानी को दूर किया जाना न्यायोचित एवं न्यायसंगत है। अत: बुटेरी टोल व सरूण्ड टोल अधिवक्ताओं के लिये नि:शुल्क करवाया जायें।

आमुखीकरण बैठक आयोजित

शाहपुरा । ग्राम पंचायत साईवाड में मंजरी संस्थान के तत्वावधान में पोषण माह के दौरान आमुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्थानीय पोषण युक्त भोजन का सेवन करना एवं एनीमिया को दूर करना था। कार्यक्रम में मंजरी संस्थान खंड समन्वयक खुशबू कुमावत ने बताया कि पोषण युक्त भोजन हमारे शरीर की पहली आवश्यकता है। गर्भवती महिलाओं को अपने साथ - साथ गर्भ में पल रहे बच्चे के पालन-पोषण का ध्यान रखना भी जरूरी है। हम ठामीण एरिया से है हमारे आस-पास स्थानीय फल सब्जियां ऐसी है जो पोषण, विटामिन से भरपूर होने के साथ- साथ ताजा हमे उपलब्ध होती है हमे उनका सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम में मंजरी संस्थान की खण्ड समन्वयक सीमा शर्मा ने ब्लॉक में चल रहे जीरो डोज कार्यक्रम की जानकारी दी और पोषण माह की थीम के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में राजीविका की स्वयं सहायता समूह महिलाए एवम आंगनबाडी कार्यकर्त्ता सहित 6 गर्भवती महिलाए शामिल थी।

पायलट टोंक के दौरे पर आज

टोंक। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी टोंक विधायक सचिन पायलट आज 21 सितंबर टोंक विधानसभा दौरे पर रहेगें। कांग्रेस कमेठी जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा ने बताया कि प्रात: 11:00 बजे होटल शिव शक्ति पक्का बंधा, टोंक हाईवे पर सचिन पायलट का जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से स्वागत किया जायेगा।

सामूहिक क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया

निवाई । सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में शहर के सभी जिनालयों में दशलक्षण धर्म महापर्व के चलते श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में सामूहिक क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम से पहले मुनि अनुसरणसागर महाराज के निर्देशन में भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ व पाश्र्वनाथ का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद सभी इन्द्र इन्द्राणियो ने संगीत के साथ पूजा अर्चना की। दशलक्षण धर्म महापर्व के समापन पर श्री दिगंबर जैन बडा मंदिर में सामूहिक अभिषेक किए गए जिसमें माला पहनने का सौभाग्य गोपाललाल, शंभू कुमार, अविनाश, आशु, शुभम, ऋषभ कटमाना परिवार को प्राप्त हुआ एवं श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बिचला मंदिर में माला पहनने का सौभाग्य नेमिचंद चेतन कुमार गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ इसके पश्चात जिन्होंने 10 लक्षण के उपवास एवं रत्नत्रय तेलां किया उन का कमेटी द्वारा दुप्पटा, शॉल, माला एवं मुनिश्री का चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया।

महापंचायत की बैठक कल

निवाई । ग्राम पंचायत भरथला में शुक्रवार को किसान महापंचायत की बैठक आयोजित होगी। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की जाएगी। मीडिया प्रभारी शिवराज पलेई ने बताया कि किसान महापंचायत द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा किसान महापंचायत गांव ढाणी संग अभियान को लेकर ठाम पंचायत भरथला में किसानो की समस्याओं को लेकर शाम 6 बजे किसानो की बैठक आयोजित होगी। जिसमें किसानों के मुद्दों पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान, महासचिव गोविंद चौधरी व मोहनलाल सभा को संबोधित करेंगे और आगे आंदोलन की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

जनसुनवाई में 58 से अधिक मामले सुने

कोटपूतली। राज्य सरकार की मंशानुरूप त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने यह बात गुरुवार को पंचायत समिति कोटपुतली के वीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कही। इस दौरान सभी उपखंडों से सभी उपखंड अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुडे । जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने परिवादी की समस्या को एक-एक कर सुनवाई करते हुए परिवाद से संबंधित अधिकारी से मौके पर ही फीडबैक लेकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के तुरंत बाद जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रकरणों की प्रतिदिन संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा संतुष्टि के स्तर में सुधार लाने के लिए परिवादीयों से फोन पर बात करके उन्हें फोटो तथा दस्तावेजों के साथ हल किए हुए प्रकरण के बारे में सूचित जरूर करें जिससे संतुष्टि के स्तर में सुधार हो सके।

दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति व सास-ससुर दोष मुक्त

सांभरझील, (निसं)। न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा कौशिक ने करीब 9 साल पुराने मामले में फैसला देते हुए दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति सहित सास ससुर को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया। इस मामले में परिवादिया द्वारा मालचंद्र पुत्र रतनलाल, रतनलाल पुत्र रामकिशन, संतरा देवी पत्नी रतनलाल निवासी वार्ड नंबर 13, दूदू जिला जयपुर के विरुद्ध दहेज प्रताडना के मामले में धारा 498 ए, 406 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय ने विचारणीय बिंदु रखा की क्या अभियुक्त ने 28 अप्रैल 2015 को परिवादिया कोमल का विवाह मालचंद खटीक से होने के पश्चात से ही दहेज के रूप में प्लाट व कार की मांग आपूर्ति हेतु उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया तथा उसके स्त्री धन का दुरुपयोग किया, जबकि इस मामले में परिवादिया के भाई ने ही यह बयान दर्ज कराया था की शादी के दिन से ही प्लाट और कार की मांग की गई है, जबकि खुद परिवादिया व उसकी माता ने ऐसी कोई बात नहीं बताई थी। इस प्रकार समस्त गवाहों के बयानों के अवलोकन से यह तथ्य प्रकट होता है कि अभियुक्तगण पर धारा 498ए, 406 भा.दं.सं. के आरोप के संबंध में किसी भी गवाह ने कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं दी है। किसी भी गवाह ने अभियुक्तगण को परिवादिया के साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते हुए नहीं देखा। पत्रावली पर संलग्न मेडिकल संबंधी पर्चियों के अवलोकन से उन पर कोई वर्ष तथा अस्पताल का नाम व जारी करने वाले अस्पताल की सील अंकित नहीं होना स्पष्ट है जिससे उक्त पर्चियां प्रमाणित नहीं पाई गई है। प्रकरण में अभियुक्तगण को दोष सिद्ध करने हेतु अपराध व अभियुक्त के मध्य की समस्त कडियां स्पष्ट रूप से जुडी होना आवश्यक है, जो कि प्रकरण में परस्पर जुडी होना प्रकट नहीं होती है। अभियुक्तों की ओर से न्यायालय में सांभर के एडवोकेट हेमराज कुमावत व पवन कुमावत ने पैरवी कर दोष मुक्त किए जाने का निवेदन किया।

सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त

कोटपूतली। स्थानीय नगर परिषद आयुक्त के निर्देशानुसार क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के तहत गठित दस्ते द्वारा गुरूवार को कस्बे में एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश कुमार सैनी, जेईएन बहादुर सिंह, सहायक अग्निशमन अधिकारी सत्यनारायण वर्मा एवं स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में प्लास्टिक कैरी बैग जप्ती की कार्यवाही की गई। जिसमें नगर परिषद के दस्ते के द्वारा डब्बू गोयल बृजवासी की दुकान से 90 किलोग्राम की सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई। वहीं विभिन्न स्थानों से लगभग 187.50 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई। साथ ही मौके पर 15 हजार रूपये का चालान काटा गया। नगर परिषद द्वारा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जा रहा है। साथ ही उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। आयुक्त धर्मपाल जाट ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठान राज्य सरकार द्वारा बैन किये गये सभी प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का विक्रय/उपयोग नहीं करें अन्यथा नियमानुसार सीज की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग नहीं करके कपडे से बने कैरी बैग का उपयोग करने की अपील की है।

ब्रेकर से उछलकर गिरे युवक की मौत

देवली (नि स) शहर के पेट्रोल पंप चौराहे से एजेंसी मार्ग पर बुधवार देर रात एक सडक हादसे में 28 वर्षीय युवक मौत हो गई। इस मामले में मृतक के जीजा ने देवली पुलिस में एक अन्य बाइक चालक पर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है।जानकारी में मामला यह सामनेहै किखिवास थाना आंधी जिला जयपुर निवासी दिनेश कुमार शर्मा पुत्र राम अवतार शर्मा ने रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि। संकल्प शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी एजेंसी एरिया बुधवार दे रात करीब 12:30 बजे अपनी बाइक से घर जा रहा था। इस बीच पीछे से आ रही एक बाइक चालक ने संकल्प की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे संकल्प की बाइक अनियंत्रित हो गई और वही बने बेतुके तरीके से ब्रेकर पर चढ़ गई जहां मृतक उछलकर गिर गया। यहां संकल्प शर्मा के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई यह घटना एजेंसी एरिया रोड राजपूत कॉलोनी के बाहर की ओर बने रोड ब्रेकर पर हुई है। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे और संकल्प शर्मा को राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए युवक का शव मोर्चरी रखवा दिया । इधर, देवली थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से रिपोर्ट लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई पुरी करके मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार संकल्प शर्मा जयपुर स्थित मण्णापुरम गोल्ड लोन बैंक में काम करता था। इसी बीच बुधवार को कोटा में हुई कंपनी की मीटिंग में शामिल होकर वापस अपने शहर देवली के लिए निकल पडा और घर के करीब पहुंचने से चद मीटर की दूरी पर उक्त दुर्घटना में उसकी जान चली गई। इस दौरान उक्त हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

- बुधवार देर रात शहर के हायर सैकेंडरी स्कूल के समीप हुआ हादसा

देवली शहर के पेट्रोल पंप चौराहे से एजेंसी मार्ग पर बुधवार देर राड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक मौत हो गई।

जानलेवा बना हुआ था रोड ब्रेकर, लोगों ने बताया कि यहां राजपूत कॉलोनी के बाहर की ओर नाले पर रोड ब्रेकर बना हुआ है। इस ब्रेकर का निर्माण नियम विरुद्ध किया है। गलत मापदंड के करण दुर्घटना को आमंत्रित करने वाले रोड ब्रेकर की ऊंचाई काफी अधिक बनाई गई हैं ।

एसयूवी कार के पहिए खोल ले गए चोर

देवली (नि स) शहर के पटेल नगर कॉलोनी स्थित एक में घर के बाहर खड़ी एसयूवी कार के पहिए चुराने का मामला गुरुवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार यह वारदात राजकीय महाविद्यालय देवली के प्राचार्य प्रो. पूरणमल वर्मा की क्रेटा कार के साथ हुई है। इस घटना को लेकर वर्मा ने बताया कि वह पटेल नगर में चिरंजीलाल इंदौरिया के मकान में किराए से रहते हैं। सिटी प्राइड स्कूल वाली गली में उनकी कार खड़ी थी। बीती रात 12 से एक बजे के बीच अज्ञात चोर आए। जिन्होंने क्रेटा कार के पीछे के दोनों पहिए खोल लिए। वही आगे के दोनों पहिए के बोल्ट भी खोल कररखे हुए थे। लेकिन समीप में एक बुजुर्ग महिला के जग जाने की वजह से बदमाश आनंद फानन में कार के दो व्हील लेकर भाग छूटे । प्राचार्य पूरणमल ने देवली थाने में इस मामले की रिपोर्ट दे दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस तरह की वारदात हो चुकी है। जहां चोर कारों के पहिए खोलकर गाड़ी को ईटों पर टिका फरार हो गए थे। यहां पुलिस बाइक चोर और उक्त घटनाओं जैसी कई में दर्जनों चोरी की वारदातों में शामिल चोरोंको पकड़ने में नाकाम बनी हुई हैं ।पुलिस की सुस्त ठास्त के कारण बेखौफ बने हुए हैं यहां चोर बुधवार रात को चोरों ने फिर से दिया।

पटवारियों ने मांगों को लेकर प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन भिजवाया

पटवारियों ने 7 सूत्री मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान को ज्ञापन सौंपा।

राजगढ । राजस्थान पटवार संघ के प्रदेश व्यापी आव्हान पर उपखंड क्षेत्र के पटवारियों ने सात सूत्री मांगों को लेकर प्रमुख शासन सचिव के नाम उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष पिंकी मीणा के नेतृत्व में सात सूत्री मांगों के निराकरण नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हडताल का ज्ञापन दिया। उपखंड अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि राजस्व कार्मिकों को लैपटॉप एवं प्रिंटर दिलाने, राजस्व सेवा परिषद के लंबित मांगो के क्रियान्वयन, विभागीय पदोन्नित की बैठक समय पर आयोजित करने, फसल खरीफ 2021 की ऑनलाइन गिरदावरी सहित अन्य मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर उगन्ता मीणा, प्रताप सिंह,वंदना, सुनीता, हरीश, सुरेंद्र, भारत, दीपक एवं नम्रता सहित अनेक पटवारी मौजूद रहे।